वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

Digital Edition | ब्यावर, 14 अगस्त 2025, गुरुवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क

पूर्वाभ्यास... स्वतंत्रता दिवस समारोह...













श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक इकाईयों का भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह संयुक्त रूप से वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज प्रांगण में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति के लिए समस्त प्रतिभागियों द्वारा पूर्वाभ्यास किया जा रहा है।



स्वास्थ्य पहल, एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत शिविर का आयोजन



वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं भारत विकास परिषद, ब्यावर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में पहल, एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 छात्राओं के रक्त की जांच की गई। शिविर में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर डॉ. संजय गहलोत एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों का स्वागत श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा द्वारा किया गया।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर डॉ. संजय गहलोत ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सराहा।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढा ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्राओं को एनीमिया के बारे में जानकारी देना साथ ही एनीमिया के कारण एवं लक्षणों के बारे में शिक्षित करना है।

कार्यक्रम के अंत में अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने सीएमएचओ, ब्यावर एवं स्वास्थ्य विभाग टीम, भारत विकास परिषद ब्यावर के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में भारत विकास परिषद से अमरचन्द मुन्दड़ा, अनिल भराड़िया, सक्षम गोयल, अनुज खण्डेलवाल, प्रशांत पाबूवाल, पंकज बंट, कमलेश बंट, शशि भराड़िया, निशा गर्ग, वीना बलदुआ, रेखा सोमानी, प्रियंका खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहे।









गोठी स्कूल में इंटर हाउस कांटेस्ट







वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में शनिवार को 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता एवं कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाऊस मेहंदी व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता श्रीमती ज्योति चौहान एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता श्रीमती मैरी डेनियल के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुई। विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही विजेता विद्यार्थियों की बधाई दी।

मेहंदी प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्राओं ने अपनी हथेलियों को राजस्थानी, अरेबिक, गुजराती सहित भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी डिजाइनों से सजाया। इसी क्रम में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं को अपनी अनूठी कला का परिचय देते हुए बेहद उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित कर दिया जैसे पेपर कप से शिवलिंग, पुराने अखबारों से क्राफ्ट, मोटर से चलने वाला वैक्यूम क्लीनर आदि आकर्षक वस्तुएँ बनाई।

मेहंदी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में संचिता अहीर प्रथम रही, द्वितीय स्थान पर पहल टवानी व सिद्धि शर्मा रही तथा तृतीय स्थान पर सृष्टि सोनी रही। इसी प्रकार प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान वैष्णवी जांगिड़ ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान हर्षिता जैन व विधि कुमावत ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान निधि राठौड़ ने प्राप्त किया।

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर वर्ग में विनायक सोनी प्रथम रहे द्वितीय स्थान पर गोपाल मूंदड़ा एवं तृतीय स्थान पर सार्थक बुरड़ रहे। सीनियर वर्ग में अर्नव जैन प्रथम रहे द्वितीय स्थान पर समकित जैन व पीयूष कुंदानी तृतीय स्थान पर रहे।



मेहंदी व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सुश्री पूर्वी ओझा व श्रीमती निर्मला खत्री द्वारा निभाई गई।

कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षावार अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता श्रीमती रेणू कोठारी के निर्देशन में सम्पन्न हुई जिसमें कक्षा 1 व 2 के निबंध लेखन का शीर्षक ''मेरी माँ'' व कक्षा 3 से 5 तक के निबंध लेखन का शीर्षक ''मेरा विद्यालय'' था। प्रथम वर्ग में कक्षा 1 की केशवी राठौड़ व कक्षा 2 के पुनीत जिंदल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर कक्षा 1 की धानवी साहू व कक्षा 2 के आरव अपूर्वा रहे। तृतीय स्थान पर कक्षा 1 के रिषभ जोशी व अनंत उपाध्याय और कक्षा 2 की अनिष्का रही। इसी प्रकार द्वितीय वर्ग (कक्षा 3 से 5 तक) में कक्षा 3 के दिव्यांशु कुमावत, कक्षा 4 के श्रेयांक जैन व कक्षा 5 के समर्थ शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कक्षा 3 की आरवी मूंदड़ा, कक्षा 4 के मितांश सिंह व कक्षा 5 की अदिति रही। तृतीय स्थान कक्षा 3 की दीविशा शर्मा, कक्षा 4 के हिमांशु प्रजापति व कक्षा 5 के दर्शन चर्तुवेदी ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं के समापन पर शाला उप प्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने समस्त प्रतिभागियों के कला व कौशल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



'नाज' में विद्यार्थियों ने बनाई आकर्षक राखियां

वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ(नाज), सेंदड़ा रोड में गुरुवार को सब जूनियर और जूनियर वर्ग में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में श्रीमती रेखा चौहान, श्रीमती तेजल खत्री और श्रीमती निशा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता के लिए सभी विद्यार्थी अपने घर से आवश्यक सामग्री लेकर स्कूल पहुंचे। राखियों के निर्माण में चावल, दाल, चिरौंजी, बादाम, मुरमुरे, मोती, शीशे, रंगीन रिबन, गोटा आदि का उपयोग किया गया। छात्राओं ने तिरंगा झंडा, भाई-बहन के प्रेम, वृक्षारोपण, सुंदर फूलों के डिजाइन तथा स्पाइडरमैन, छोटा भीम जैसे बच्चों के प्रिय पात्रों के स्टिकर लगाकर आकर्षक राखियां तैयार की।

प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने बताया कि इस प्रतियोगिता के द्वारा छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान, रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल ने सामूहिक रूप से परिणाम घोषित किया। जिसमें सब जूनियर में प्रथम स्थान मनस्वी सिंह कक्षा 5, द्वितीय स्थान सुधांश सिंह कक्षा 3 और तृतीय स्थान सुधांशु कक्षा 3 ने प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान निवेदिता कक्षा 6, द्वितीय स्थान हिमाद्री कक्षा 8 और मयंक कक्षा 7 ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्रधानाचार्य श्री नागेश राठौड ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।







वर्द्धमान रूट्स में राखी सेलिब्रेशन









वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में भाई बहन के स्नेह वाला पर्व रक्षाबंधन का आयोजन रखा गया। विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी राखियाँ बनाईं और भाइयों की कलाई पर बाँधकर आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।

प्राचार्य महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि यह त्यौहार केवल भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक नहीं, बल्कि एक-दूसरे की रक्षा और सम्मान का वचन है। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर चॉकलेट बाँटी और इस पवित्र पर्व की शुभकामनाएँ दी।








वर्द्धमान रूट्स की एडवेंचर पिकनिक

वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल 'वर्द्धमान रूट्स' के बच्चों को एक खास एडवेंचर पिकनिक पर ले जाया गया। ट्रैम्पोलिन पार्क जहाँ मस्ती और रोमांच का अनोखा संगम था। बच्चों ने ट्रैम्पोलिन पर उछलते हुए खूब मज़े किए और नए अनुभवों का आनंद लिया। पार्क में तरह-तरह के एडवेंचर गेम्स और एक्टिविटीज़ ने बच्चों का मन मोह लिया। इस पिकनिक ने बच्चों को न केवल आनंद दिया, बल्कि आत्मविश्वास और संतुलन की भी सीख दी। बच्चों के चेहरों की मुस्कान ने इस दिन को यादगार बना दिया।





बच्चों ने देखी फ़िल्म, मनाया ब्लू-डे









वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल 'वर्द्धमान रूट्स' में प्रत्येक शनिवार विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस सप्ताह बच्चों के लिए नीला दिवस(ब्लू डे), वर्षा दिवस(रैनी डे), फिल्म दिवस(मूवी डे) आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

वर्द्धमान रूट्स में बुधवार को नीला दिवस बहुत हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे नीले रंग के वस्त्र पहनकर आए बच्चों को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि आसमान धरती पर उतर आया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर ने बच्चों को नीले रंग की वस्तुओं के बारे में जानकारी दी।

एल के जी के बच्चों के लिए फिल्म दिवस(मूवी डे) का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को फिल्म के द्वारा बारिश के फायदों और नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। जल ही जीवन है। इस बात को सरल शब्दों में फिल्म द्वारा समझाया गया।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयनित ग्रंथित पाल सिंह शेखावत का किया सम्मान



वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ नाज में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयनित प्रतिभावान विद्यार्थी ग्रंथित पाल सिंह शेखावत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रंथित पाल सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में आगामी वर्षों में प्रशिक्षण प्राप्त करके ऑफिसर पद प्राप्त करेंगे। सम्मान समारोह में नाज प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक एवं उप प्रधानाचार्य नागेश राठौड ने प्रतिभावान छात्र ग्रन्थिक का माला, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर शुभकामनाएं दी। ग्रंथित पाल सिंह शेखावत वर्द्धमान समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सी.से.स्कूल के विद्यार्थी रह चुके है। उनके गुरु चंद्रपाल सिंह शेखावत श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के छात्र रह चुके है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा सामूहिक चर्चा करवाई गई जिसका विषय भारत को जरूरत है किस की सबसे ज्यादा है अध्यापक, वैज्ञानिक या डॉक्टर इस पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रंथित पाल सिंह से प्रेरित होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहना है।



इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्राचार्य श्री नागेश राठौड़ ने शुभकामनाएं दीं।

ट्रैम्पोलिन पार्क की मस्ती पर एक छोटी सी कविता...

2 अगस्त का दिन था बड़ा ही खास,
बच्चों के संग निकले हम नए उल्लास।
पहुंचे ट्रैम्पोलिन पार्क की ओर,
जहाँ मस्ती का था एक और ही शोर।
उछलते-कूदते बच्चों के चेहरे खिले,
जैसे रंग-बिरंगे सपनों में मिल गए सिलसिले।
किसी ने की पिलप, किसी ने लगाई छलांग,
हर एक पल बना आनंद का संग।
हँसी-खुशी और रोमांच का अनोखा मेल,
ट्रैम्पोलिन पार्क बना यादों का खेल।
सिखाया इस दिन ने हिम्मत और संतुलन,
हर कूद में छिपा था आत्मबल का पलछिन।
सुरक्षा, साहस और मस्ती का सुंदर संगम,
इस पिकनिक ने बच्चों को दिया नया संगम।
थके मगर खुश थे सभी दिल से,
एक दिन जो बस बस गया दिल में।





राधा-कृष्ण की भाव-भंगिमाओं ने मोहा मन....











वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के अंतर्गत श्री वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट विभाग की छात्राओं द्वारा जन्माष्टमी पर्व से पूर्व राधा एवं कृष्ण की मधुरम प्रस्तुति दी गई। सबसे बड़ी खास बात यह रही कि फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं द्वारा ही राधा व कृष्ण के वस्त्र डिजाइन एवं तैयार किए गए साथ ही मेकअप विभाग की छात्राओं द्वारा राधा-कृष्ण का नयनाभिराम स्वरूप श्रृंगार किया गया। कृष्ण की भूमिका महाविद्यालय की छात्रा खुशी एवं राधा की भूमिका रिजवाना ने निभाई। छात्राओं ने राधा और कृष्ण के प्रेम को अभिव्यक्त करते हुए आकर्षक भाव-भंगिमाओं का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर शिक्षण समिति मंत्री डा. नरेन्द्र पारख ने छात्राओं द्वारा तैयार किये गए स्वरूपों की प्रशंसा की एवं महाविद्यालय की छात्राओं के कला-कौशल को विविध पर्व-त्योहार के अवसर पर प्रदर्शित करने से उनकी छिपी प्रतिभा में निखार आता है।

महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.सी. लोढा ने छात्राओं द्वारा शुरू किये गए इस नवीन अभिनव की सराहना की।

छात्राओं द्वारा जीवंत झांकियों की प्रस्तुति देखकर सभी मन्त्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर स्किल नोडल अधिकारी छवि गरवाल, व्याखाता रितु प्रजापति, प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री, भावना सोनी सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।





पूर्वाभ्यास...

स्वतंत्रता दिवस समारोह...

शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन का पूर्वाभ्यास करते वर्द्धमान रूट्स के नन्हे बच्चे।



नव-प्रवेशी छात्राओं का किया अभिनन्दन





वर्द्धमान न्यूज

श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम की छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी नवीन छात्राओं का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन छात्राओं को महाविद्यालय की संरचना, नियमावली, शैक्षणिक गतिविधियों एवं संसाधनों की जानकारी देना है। यह कार्यक्रम छात्राओं के शैक्षणिक जीवन की दिशा तय करने में सहायक होगा। अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढा ने महाविद्यालय में संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों, खेल-कूद, छात्रवृत्तियों आदि से छात्राओं को अवगत करवाते हुए बताया कि यह अभिविन्यास कार्यक्रम छात्राओं के शैक्षणिक जीवन की मजबूत नींव रखने में सहायक सिद्ध होगा। एन.एस.एस. अधिकारी प्रीति शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्षपर्यन्त गतिविधियों की जानकारी साझा की साथ ही व्याख्याता निधि पंवार ने रेड-रिबन के महत्व पर प्रकाश डाला। व्याख्याता राजकुमारी कुमावत ने स्काउट रेंजर यूनिट से छात्राओं को अवगत करवाते हुए ई.एल.सी क्लब का परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



